Title: Need for construction of more National Highways in Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : इस समय प्रति लाख जनसंख्या के लिए राष्ट्रीय मार्ग का औसत 211 कि.मी. है, जबकि बिहार में यह औसत केवल 120 कि.मी. है। प्रति 100 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में सड़कों के राष्ट्रीय औसत 48 कि.मी. की तुलना में बिहार में यह केवल 37 कि.मी. है। विभाजन के बाद शेष बिहार के आंकड़े और भी निराशाजनक हैं।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि शीघ्र शेष बिहार में सड़क के बुनियादी ढांचे में विकास और सुधार कराने की कृपा की जाए।